## एक नजर में

### आद्य गौड़ ब्राह्मण सेवा न्यास का परिचय सम्मेलन आज

इंदौर. आद्य गौड़ ब्राह्मण सेवा न्यास के तत्वावधान में रविवार को होने वाले अ.भा. सर्व ब्राह्मण युवा-युवती परिचय सम्मेलन के लिए पहली बार लगभग 400 पृष्ठों की परिचय पुस्तिका का प्रकाशन किया जा रहा है. सम्मेलन के लिए इस बार आने वाली प्रविष्टियों की संख्या 3 हजार तक पहुँच गई है जबकि स्पॉट पंजीयन के रूप में भी सैकड़ों प्रविष्टियाँ मिलने की उम्मीद है. सम्मेलन में 5 मातृशक्ति सहित 30 युवाओं का सम्मान भी किया जाएगा जो नियमित रूप से रक्तदान कर जरूरतमंद मरीजों की प्राण रक्षा कर रहे हैं. न्यास के परिचय सम्मेलन प्रकोष्ठ के संरक्षक पं. दिनेश शर्मा, सुरेश शर्मा काका संयोजक पं. ओमप्रकाश शर्मा, आशीष शर्मा एवं भूपेन्द्र शर्मा ने राजीव गाँधी चौराहा स्थित शुभ कारज गार्डन पर होने वाले इस परिचय सम्मेलन का शुभारंभ 28 दिसम्बर को सुबह 10 बजे राज्य के नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, न्यास के संरक्षक एवं विधायक रमेश मेंदोला, मंत्री तुलसी सिलावट, सांसद शंकर लालवानी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक गोलू शुक्ला, पूर्व विधायक संजय शुक्ला, राष्ट्रकवि पं. सत्यनारायण सत्तन, समाजसेवी हृदयेश दीक्षित, सुमित मिश्रा, पं. योगेन्द्र महंत सहित अनेक विशिष्टजनों के आतिथ्य में होगा. सम्मेलन के लिए पहली बार 3 हजार से अधिक प्रत्याशियों की प्रविष्टियाँ प्राप्त हुई हैं. सम्मेलन स्थल पर स्पॉट पंजीयन की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी, ताकि दूर दराज से आने वाले कोई भी प्रत्याशी या पालक सम्मेलन से वंचित न रह सके.

### अभिग्रह चौक डॉ. राजेश मुनि मार्ग का लोकार्पण आज



इंदरौ. घोर तपस्वी उग्र बिहारी डॉ. राजेश मुनि महाराज के 52वे जन्म दिवस के अवसर पर रणजीत हनुमान मंदिर रोड पर आदित्य हास्पिटल के सामने नगर पालिका निगम द्वारा अभिग्रह चौक डॉ. राजेश मुनि मार्ग का लोकार्पण महापौर पुष्यमित्र भागर्व एवं विधायक मालिनी लक्ष्मण सिंह गौड़, नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा रविवार प्रात: 9.30 बजें करेंगे. इस अवसर पर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय एवं सांसद शंकर लालवानी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेगें. प्रकाश भटेवरा ने बताया कि राजेश मुनि महाराज घोर तपस्वी और उग्र बिहारी संत है. प्रतिदिन 40 से 45 किलो मीटर तक विहार करते है और बेले-बेले दो-दो दिन के उपवास के पश्चात अभिग्रह पूर्ण होने के बाद पारणा करते है. अगर आपके अभिग्रह के अनुसार आहार नहीं मिले तो पारणा आगे बढ़ जाता है. और उपवास बढ़ते जाते है जब तक अभिग्रह फलित होता है तब ही पारणा करते है. अभीतक आपके 2405 अभिग्रह पूर्ण हो चुके हैं. उद्घाटन समारोह के मुख्य लाभार्थी बादल देवी टोडरमल कटारिया परिवार है. कार्यक्रम के लाभार्थी मंजू विनोद बम्बोरी परिवार है. आज उषा नगर जैन स्थानक में गुरूदेव राजेश मुनि महाराज का 52वां जन्म दिन दया, सामायक, स्वाध्याय और जाप दिवस के रूप में मनाया गया. रमेश भंडारी, टी.सी. जैन, प्रकाश भटेवरा, दिलसुख राज कटारिया, खूबचंद कटारिया, महेश डाकोलिया, सुरेश देशलेहरा, सुभाष विनायक्या, आदि समाजजनों ने सकल संघ समाज से उक्त लोकापर्ण कार्यक्रम में उपस्थि रहने कि अपील की है।

### वेवलाइट प्लस तकनीक से आंखों का सटीक उपचार



इंदौर. बदलती जीवनशैली, बढ़ते स्क्रीन टाइम और आंखों पर लगातार बढ़ते दबाव के चलते आज बड़ी संख्या में लोग नजर से जुड़ी समस्याओं का सामना कर रहे हैं. ऐसे में अत्याधुनिक वेवलाइट प्लस इनोवआइज़ तकनीक लोगों को सटीक उपचार प्रदान कर रही है. यह जानकारी कैटरैक्ट एवं लैसिक सर्जन डॉ. पलक अग्रवाल ने दी. उन्होंने बताया कि वेवलाइट प्लस तकनीक से की जाने वाली लैसिक सर्जरी पूरी तरह सुरक्षित, वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित और अत्यंत सटीक है. हर व्यक्ति की आंखों की बनावट अलग होती है, ऐसे में यह तकनीक मरीज की आंखों का विस्तृत डिजिटल मैप तैयार कर उसी के अनुसार इलाज को कस्टमाइज़ करती है. ऑपरेशन के बाद मरीजों में दृष्टि सुधार के साथ संतुष्टि का स्तर भी बेहद ऊँचा देखने को मिल रहा है. इसका परिणाम यह होता है कि ऑपरेशन के बाद नजर अधिक स्पष्ट, प्राकृतिक और स्थिर महसूस होती है. रोहित आई हॉस्पिटल में हॉस्पिटल में वेवलाइट प्लस इनोवआइज़ तकनीक के माध्यम से लेसिक सर्जरी की जा रही है. हॉस्पिटल के मेडिकल डायरेक्टर एवं वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. ओ. पी. अग्रवाल ने बताया कि इस तकनीक की एक बड़ी विशेषता यह भी है कि सर्जरी के बाद 70 से 80 प्रतिशत मरीजों को सुपर विज़न प्राप्त होती है, यानी सामान्य इंसानी नजर से भी बेहतर दृष्टि. डॉ. रोहित अग्रवाल ने बताया कि इस तकनीक के तहत सर्जरी का समय भी कम होता है और मरीजों को लंबे समय तक आराम करने की आवश्यकता नहीं पड़ती।अधिकतर मरीज कुछ ही घंटों में अपनी सामान्य दिनचर्या में लौट आते हैं.

### खाटू श्याम नर्मदेश्वर शिव मंदिर में एकादशी महोत्सव 30 को



इंदौर. श्री खाटू श्याम नर्मदेश्वर शिव मंदिर, साजन नगर में पुत्रदा एकादशी महोत्सव का आयोजन 30 दिसम्बर को किया जा रहा है. मंदिर समिति की ओर से सभी श्याम भक्तों को इस धार्मिक एवं भक्ति भाव से परिपूर्ण आयोजन में सादर आमंत्रित किया गया है. महोत्सव के अंतर्गत श्याम बाबा की दिव्य ज्योत, भव्य श्रृंगार एवं भजन-कीर्तन का विशेष आयोजन होगा. कार्यक्रम का शुभारंभ शाम 7 बजे से किया जाएगा. आयोजन स्थल खाटू श्याम नर्मदेश्वर शिव मंदिर, साजन नगर, योग टेम्पल, नेमावर रोड, इंदौर रहेगा. मंदिर प्रबंधन के अनुसार, इस आयोजन की सम्पूर्ण सेवा महेश मित्तल (डबरा, ग्वालियर) के सहयोग से सम्पन्न की जाएगी. वर्ष की अंतिम एकादशी होने के कारण श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है. आयोजन से जुड़े सुरेश अग्रवाल, सुजीत शर्मा, राजेश बंसल, विष्णु बींदल एवं अरविंद बागड़ी ने सभी भक्तजनों एवं भजन प्रवाहकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर बाबा श्याम की दिव्य ज्योत के दर्शन करें तथा कीर्तन में सहभागिता कर भक्ति लाभ प्राप्त करें.

### संविदा खाद्य सेवा उद्योग के लिए उत्साहजनक समय



इंदौर. यह संविदा खाद्य सेवा उद्योग के लिए एक रोमांचक समय है, क्योंकि हम विनिर्माण, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा सहित अपने सभी ग्राहक क्षेत्रों में महत्वपूर्ण वृद्धि देख रहे हैं। यह जानकारी में स्वर्णा राजामणि, सदस्य बोर्ड और मुख्य व्यवसाय अधिकारी, रस्सेंस प्राइवेट लिमिटेड ने दी. साथ में रामकुमार राजाराम, ईवीपी संचालन भी मौजूद रहे. स्वर्णा राजामणि ने चर्चा में कहा कि रसेन्स भारतीय स्वामित्व वाली कॉन्ट्रैक्ट फूड सर्विस प्रदाता कंपनी है, जो देशभर में प्रतिदिन तीन लाख पच्चीस हजार से अधिक भोजन वितरित करती है. कंपनी में चार हजार से अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं, जिन्हें सभी वैधानिक लाभ और स्वास्थ्य बीमा प्राप्त हैं. रसेन्स भारत भर के बड़े प्रतिष्ठित औद्योगिक केंद्रों, शैक्षणिक संस्थानों और अस्पतालों को अपनी सेवाएं प्रदान करती है. उन्होंने बताया पिछले वर्षों कंपनी का राजस्व लगभग 200 करोड़ रुपये था. आज, वित्त वर्ष 2025 के लिए यह आंकड़ा बढ़कर 471 करोड़ रुपये हो गया है, जिसमें ईबीआईटीडीए मार्जिन लगभग 3.6% है. वीआईटी मप्र सहित वीआईटी के सभी परिसरों में भी भोजन वितरित करते है. उन्होंने आगे कहा कि हम प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में काम करते हैं। जितनी अधिक प्रौद्योगिकी का उपयोग किया जाएगा, लाभ मार्जिन में सुधार की संभावना उतनी ही अधिक होगी. वित्त वर्ष 26 को देखते हुए, कंपनी 564 करोड़ रुपये से ज्यादा के रेवेन्यू का टारगेट बना रही है. फिर भी, सीईओ का लक्ष्य अगले पांच वर्षों में कंपनी का राजस्व 1,000 करोड़ रुपये तक पहुंचाना है. रामकुमार ने बताया कि रैसनसे ने एक शेयर डाइल्यूशन प्रोग्राम लागू किया है जो साइट-लेवल मैनेजर्स और ऑपरेशनल लीडर्स को इक्विटी देता है, .

### युवा दिवस के उपलक्ष्य में दशहरा मैदान पर सूर्य नमस्कार का आयोजन

इंदौर, 27 दिसम्बर। स्वामी विवेकानंद की जयंती पर बालाजी सेवार्थ विनोद अग्रवाल फाउंडेशन एवं संस्था छवि सोशल वेलफेयर सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार, 10 जनवरी को दशहरा मैदान पर राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में सूर्य नमस्कार का वृहद आयोजन किया जाएगा।इस दौरान सुबह 7 से 9 बजे तक शहर के हजारों युवा दशहरा मैदान पहुंचकर सूर्य नमस्कार सहित योग की विभिन्न गतिविधियों में शामिल होंगे। संस्था छवि के प्रमुख गोपाल गोयल ने बताया कि कार्यक्रम वरिष्ठ समाजसेवी एवं उद्योगपति विनोद अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में होगा

# पत्नी की हत्या कर चाकू लेकर थाने पहुंचा पति

**स्कीम 78 में घरेलू विवाद में पति ने की थी पत्नी की हत्या**

**बीच-बचाव में आई नाबालिग बेटी पर भी किया हमला**



**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** पत्नी की चाकू से हत्या के बाद फरार हुआ पति खुद थाने पहुंचा और अपना गुनाह कबूल करते हुए आत्मसमर्पण कर दिया. उसने पुलिस से कहा कि मैने मेरी पत्नी की हत्या की है. आरोपी ने बीच-बचाव करने आई अपनी बेटी को भी मारकर घायल कर दिया. घरेलू विवाद के चलते उसने पत्नी की हत्या की है. घायल बेटी को इलाज के लिए एमवाय अस्पताल में भर्ती किया गया है.

लसूड़िया थाना प्रभारी तारेश कुमार सोनी ने बताया कि घटना 27 दिसंबर 2025 की सुबह की है. स्कीम 78 निवासी नाबालिग बालिका तानी कंचन ने बॉम्बे हॉस्पिटल में इलाज के दौरान पुलिस को दिए बयान में बताया कि उसके पिता संजय कंचन और मां सुमन कंचन के बीच सुबह किसी बात को लेकर विवाद हो रहा था. झगड़े के दौरान पिता संजय कंचन ने गुस्से में आकर घर में रखे बड़े चाकू से उसकी मां पर हमला कर दिया. जब बालिका अपनी मां को बचाने के लिए बीच-बचाव करने पहुंची, तो आरोपी ने उस पर भी जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया. इस हमले में बालिका की गर्दन और दाहिने हाथ पर गंभीर चोटें आईं. वहीं, गंभीर रूप से घायल महिला को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया था.

### घायल बालिका का अस्पताल में चल रहा इलाज

घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की. फरियादी बालिका की रिपोर्ट पर आरोपी संजय कंचन के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरु की. थाना प्रभारी ने बताया कि घटना के बाद आरोपी संजय कंचन स्वयं हत्या में प्रयोग किया चाकू लेकर थाने पहुंचा और अपना जुर्म स्वीकार किया. इसके बाद पुलिस ने उसे मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया. आरोपी से पूछताछ के साथ आगे की जांच की जा रही है. फिलहाल घायल नाबालिग बालिका का इलाज जारी है. सोनी का कहना है कि घरेलू विवाद के कारण यह खौफनाक वारदात हुई है. मामले में सभी पहलुओं की जांच की जा रही है और आरोपी को न्यायालय में पेश किया जाएगा.

## हार्टअटैक से युवा पटवारी की गई जान



**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. शहर में एक युवा पटवारी की अचानक मौत का मामला सामने आया है. घर में अकेले रह रहे 36 वर्षीय पटवारी को हार्ट अटैक आया, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई.**

लसूड़िया थाना क्षेत्र के प्लेटिनम पैराडाइज में रहने वाले 36 वर्षीय पटवारी की हार्ट अटैक से मौत हो गई. मृतक देवास जिले के बड़ापीपल्या का रहने वाला था और वर्तमान में इंदौर में पदस्थ था. घटना के समय वह घर में अकेला था. काफी देर तक जब परिवार के लोगों के फोन नहीं लगे तो उन्हें चिंता हुई. इसके बाद पड़ोसियों को घर पर देखने भेजा. पड़ोसियों ने दरवाजा खोलकर देखा तो पटवारी बेसुध हालत में मिले.

सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए एमवाय अस्पताल भिजवाया, प्रारंभिक तौर पर मौत का कारण हार्ट अटैक बताया जा रहा है. लसूड़िया पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों की पुष्टि होगी. अचानक हुई इस मौत से परिवार और परिचितों में शोक का माहौल है.

## उज्बेकिस्तान की 70 वर्षीय महिला का फेफड़ा बाहर निकालकर सर्जरी की

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** डेढ़ साल से सांस लेने के लिए जूझ रही उज्बेकिस्तान की 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला के लिए इंदौर उम्मीद की नई किरण बना. जटिल बीमारी और नाजुक हालत के बावजूद इंदौर के अस्पताल में हुई पांच घंटे लंबी सर्जरी से डॉक्टरों ने उसकी जान बचाई. वह ठीक होने के बाद नाचते-गाते अपने देश लौट गई.

जानकारी के अनुसार, उज्बेकिस्तान की रहने वाली 70 वर्षीय महिला लंबे समय से गंभीर सांस की बीमारी से परेशान थीं. वहां एडवांस सर्जरी की सुविधा नहीं होने के कारण उसकी हालत लगातार बिगड़ती जा रही थी. इसी बीच उन्हें इंदौर के चोइथराम हॉस्पिटल रेफर किया गया, जहां विशेषज्ञ डॉक्टरों ने चुनौतीपूर्ण सर्जरी कर उन्हें नई जिंदगी दी. इंटरवेंशनल पल्मोनोलॉजिस्ट डॉ. गौरव गुप्ता के मुताबिक, जांच में सामने आया कि महिला के बाएं फेफड़े में तेजी से बढ़ने वाला बड़ा ट्यूमर था. ट्यूमर के कारण फेफड़े की सांस की नली पूरी तरह बंद हो चुकी थी, जिससे मरीज को गंभीर रेस्पिरेटरी दिक्कत हो रही थी. यह स्थिति बेहद नाजुक थी और तत्काल ऑपरेशन जरूरी था. मरीज की सहमति के बाद 18 दिसंबर को सर्जरी की गई. मिनिमल इन्वेसिव जीआईएल लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ. संदीप राठौर के अनुसार यह ऑपरेशन करीब पांच घंटे तक चला. सबसे बड़ी चुनौती यह थी कि ट्यूमर के साथ फेफड़े को बाहर निकालना था और फिर उसमें से ट्यूमर और खराब हिस्से को अलग कर स्वस्थ हिस्से को दोबारा सांस की नली से जोड़ना था. डॉक्टरों ने पहले ट्यूमर के साथ पूरा फेफड़ा बाहर निकाला. इसके बाद ट्यूमर और करीब 40 प्रतिशत खराब फेफड़े को अलग किया.

# रुचि सोया ग्रुप पर इंदौर-मुंबई में एक साथ छापे

## ईडी ने किए 23 लाख कैश जब्त, 20 लाख से ज्यादा की रकम फ्रीज

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** बैंकों से हजारों करोड़ की धोखाधड़ी से जुड़े रुचि सोया ग्रुप मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शिकंजा कस दिया है. ईडी इंदौर सब जोनल ऑफिस की टीम ने इंदौर और मुंबई में एक साथ कई ठिकानों पर छापेमारी की. यह कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम कानून (पीएमएलए) के तहत की गई है.

ईडी की अधिकृत जानकारी के अनुसार यह जांच सीबीआई भोपाल द्वारा दर्ज की गई कई एफआईआर के आधार पर शुरू की थी. जांच के दायरे में रुची सोया ग्रुप से जुड़ी कंपनियां एम/एस रुची ग्लोबल लिमिटेड (अब एग्रोट्रेड एंटरप्राइजेज लिमिटेड), एम/एस रुची एक्रोनी इंडस्ट्रीज लिमिटेड (अब स्टीलटेक रिसोर्सेज लिमिटेड) और एम/एस आरएसएएल स्टील प्राइवेट लिमिटेड (अब एलजीबी स्टील प्राइवेट लिमिटेड) शामिल हैं. ये कंपनियां स्वर्गीय कैलाश चंद्र शारड़ा और उमेश शारड़ा द्वारा प्रवर्तित बताई गई हैं.




### शेल कंपनियों के जरिये फर्जीवाड़े का आरोप

ईडी जांच में सामने आया है कि आरोपियों ने सुनियोजित तरीके से कई शेल कंपनियां बनाईं और इनके जरिए राउंड-ट्रिपिंग कर बैंक फंड्स का दुरुपयोग किया. जांच एजेंसी के मुताबिक, फर्जी लेटर ऑफ क्रेडिट और कैश क्रेडिट के लेनदेन कर कर्ज की रकम को इधर-उधर घुमाया. इसके साथ ही कागजों में फर्जी खरीद-बिक्री दिखाकर जानबूझकर घाटा दर्शाया गया, ताकि बैंकों से लिए गए लोन की रकम को निजी फायदे के लिए निकाल लिया जाए. इस पूरे खेल में अपराध से कमाई गई रकम को छिपाने और वैध दिखाने की कोशिश की गई. छापेमारी के दौरान ईडी ने आरोपियों और उनके परिजनों के नाम पर मौजूद 20 लाख रुपए से ज्यादा की बैंक राशि फ्रीज की है. वहीं 23 लाख रुपए से अधिक की नकदी भी जब्त की गई है.

### सीबीआई की एफआईआर के आधार पर की गई कार्रवाई

छापे के दौरान बड़ी संख्या में दस्तावेज और डिजिटल डिवाइस मिले हैं, जो पूरे फ्रॉड में आरोपियों की भूमिका की ओर इशारा करते हैं. ईडी के अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि यह कार्रवाई सीबीआई की एफआईआर के आधार पर की गई है. जांच में बैंक फंड के डायवर्जन व सायफनिंग के पुख्ता सबूत सामने आए हैं. अधिकारी का कहना है जब्त दस्तावेजों और डिजिटल साक्ष्यों की जांच की जा रही है. आने वाले समय में और भी बड़ी कार्रवाई हो सकती है.

# हाईकोर्ट इंदौर बेंच में सरकार की नई पैरवी टीम बनी

**41 शासकीय अधिवक्ताओं की नियुक्ति**

**तीन अतिरिक्त महाधिवक्ता और तीन उप महाधिवक्ता बनाए गए**

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. राज्य सरकार ने मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर खंडपीठ में सरकार की ओर से पैरवी के लिए नई कानूनी टीम घोषित कर दी है. विधि और विधायी कार्य विभाग द्वारा जारी सूची में इस वर्ष भी तीन अतिरिक्त महाधिवक्ता और तीन उप महाधिवक्ता नियुक्त किए हैं. कुल 41 सदस्यों की नई टीम ने हाईकोर्ट परिसर स्थित महाधिवक्ता कार्यालय में पदभार ग्रहण कर लिया.**

विधि और विधायी कार्य विभाग के अतिरिक्त सचिव प्रवीण हजारे द्वारा जारी आदेश के अनुसार अतिरिक्त महाधिवक्ता के रूप में राहुल सेठी, आशीष यादव और सोनल गुप्ता की नियुक्ति की गई है. सोनल गुप्ता पूर्व में इसी पद पर कार्यरत थे और अब उनकी पदस्थापना जबलपुर खंडपीठ से इंदौर खंडपीठ में की गई है. राहुल सेठी वरिष्ठ अधिवक्ता एके सेठी के पुत्र हैं, जबकि आशीष यादव मूल रूप से हरदा जिले के निवासी बताए जा रहे हैं. इसी तरह कुशल गोयल, सुदीप भार्गव और श्रेयराज सक्सेना को उप महाधिवक्ता बनाया गया है. ये तीनों ही पूर्व सूची में भी शामिल थे. श्रेयराज सक्सेना की पोस्टिंग भी जबलपुर से इंदौर अटैच की गई है. नई नियुक्तियों के साथ ही हाईकोर्ट इंदौर खंडपीठ में राज्य सरकार की पैरवी के लिए पूरी टीम सक्रिय हो गई है, जिससे आगामी मामलों में शासकीय पक्ष की मजबूत प्रस्तुति की उम्मीद जताई जा रही है.

### सेवानिवृत्त डीएसपी को भी मिली जिम्मेदारी

नई सूची में एक सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी को भी शासकीय अधिवक्ता के रूप में जिम्मेदारी दी गई है. जयगोपाल चौकसे, जो पुलिस विभाग से डीएसपी पद से रिटायर हो चुके हैं और इंदौर के कई थानों में टीआई रह चुके हैं, को भी सरकारी वकील नियुक्त किया है. वहीं, इंदौर के पूर्व कलेक्टर मनीष सिंह के पुत्र कुशाग्र सिंह का नाम उप शासकीय अधिवक्ता की सूची में शामिल किया है. इस बार सूची में पुराने अधिकांश नामों में बदलाव किया है. यह सूची लंबे समय से अटकी हुई थी. पहले दो बार एक-एक माह और उसके बाद तीन माह के लिए पूर्व नियुक्तियों की अवधि बढ़ाई जाती रही. यह अवधि 31 दिसंबर को समाप्त होने वाली थी, उससे पहले ही नई टीम की नियुक्ति कर दी गई और सभी ने शक्रवार को विधिवत पदभार संभाल लिया.

### यह है सरकारी वकीलों की सूची...

सरकारी वकीलों की सूची में उषा चौहान, राजवर्धन गावड़े, अमित भाटिया, आयुष्मान चौधरी, सुरेंद्र कुमार गुप्ता, दिनेश सिंह चौहान, भाग्यश्री गुप्ता, गजेंद्र सिंह डोडिया, अम्बुज पटेल, सुनील कपूर, विराज गोधा, अभिमन्यु सिंह, आदित्य वैभव सिंह, जयगोपाल चौकसे, दृष्टि रावल, प्रद्युम्न किबे, भास्कर अग्रवाल, प्रशांत जैन, अंशुल राजपुरोहित, हेमंत कुमार शर्मा, आदित्य गर्ग, मनीष कुमार सांखला, राजेन्द्र सिंह सूर्यवंशी, रोमिल वर्मा, हरीश सिंह राठौर, तरुण पगारे, गौरव रावत और राहुल सोलंकी शामिल हैं. उप शासकीय अधिवक्ता के रूप में सुरेंद्रपाल सिंह अलावा, विजय नागपाल, कुशाग्र सिंह, प्रांजलि यजुर्वेदी, अनूप सोनकर और ऐश्वर्या सिंह को जिम्मेदारी सौंपी गई है.

## घर छोड़ने के बहाने महिला को बंधक बनाकर किया दुष्कर्म

- **चार दिन तक घर में कैद रखा महिला को**
- **पति के दोस्त ने ही बना रखा था बंधक**

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** शहर में रिश्तों को शर्मसार करने वाला मामला फिर सामने आया है. पति से अलग रह रही एक महिला को उसके पति के ही दोस्त ने मदद का झांसा देकर बंधक बना लिया और चार दिन तक रोज दुष्कर्म करता रहा. महिला की तलाश में जुटे परिजन और पुलिस जब आरोपी के ठिकाने पर पहुंचे, तब जाकर पीड़िता को मुक्त कराया जा सका.पलासिया थाना क्षेत्र में एक महिला ने पति के दोस्त के खिलाफ दुष्कर्म और बंधक बनाए जाने का गंभीर मामला दर्ज कराया है. महिला का पति से विवाद चल रहा था, जिसके चलते वह मां के साथ मायके में रह रही थी. कुछ दिन पहले वह मां के घर जा रही थी, तभी रास्ते में उसे पति का दोस्त करण मिला. आरोपी ने महिला से कहा कि वह उसे बाइक से छोड़ देगा. भरोसा दिलाकर वह महिला को अपनी बाइक पर बैठाकर विनोबा नगर स्थित अपने दोस्त बाबू के घर ले गया. वहां महिला को जबरन रोक लिया और चार दिन तक बंधक बनाकर उसके साथ दुष्कर्म किया.

### पति और पुलिस ने मिलकर कराया मुक्त

महिला के अचानक लापता होने पर पति, भाई उसकी तलाश में जुटे. इस बीच पुलिस को भी सूचना दी गई. जांच के दौरान पुलिस को विनोबा नगर स्थित एक मकान पर शक हुआ. जब पुलिस और परिजन वहां पहुंचे तो महिला उसी घर में बंद मिली. पुलिस ने महिला को सुरक्षित बाहर निकालकर बयान दर्ज किए और मुख्य आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म, बंधक बनाने सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है. आरोपी की तलाश की जा रही है, वहीं मामले में दूसरे युवक की भूमिका की भी जांच की जा रही है. पलासिया पुलिस का कहना है कि पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया है और पूरे मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है. आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर सख्त कार्रवाई की जाएगी.

# पीएम मुद्रा योजना के नाम पर कारोबारी से 5.18 लाख ठगे

- **आरओ प्लांट के दस्तावेज मंगवाकर रचा जाल**
- **18 ट्रांजेक्शन में खाली कराए खाते**

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. सरकारी योजना का भरोसा दिलाकर ठगों ने एक कारोबारी को लाखों का चूना लगा दिया. प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के नाम पर कॉल कर दस्तावेज हासिल किए और फिर प्रोसेसिंग फीस व अन्य चार्ज के बहाने लगातार रुपए निकलवाए गए. ठगी का अहसास होने पर कारोबारी क्राइम ब्रांच पहुंचा और एफआईआर दर्ज हुई.**

लसूड़िया थाना क्षेत्र में प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के नाम पर बड़ी साइबर ठगी का मामला सामने आया है. आरओ प्लांट से जुड़े कारोबारी से ठगों ने 5 लाख 18 हजार रुपए से अधिक की रकम ऐंठ ली. दस्तावेजों का दुरुपयोग कर की गई इस ठगी की शिकायत पहले साइबर सेल में पहुंची, जिसके बाद वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर लसूड़िया थाने में प्रकरण दर्ज किया.

एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि पीड़ित लोकेन्द्र सिंह तोमर ने 24 दिसंबर को शिकायत दर्ज कराई थी. लोकेन्द्र का एसबीआई में खाता है और उन्होंने पीएम मुद्रा योजना के तहत पानी के प्लांट के लिए गुरुकृपा आरओ वाटर के नाम से पीएनबी बैंक में लोन संबंधी दस्तावेज जमा किए थे. 4 दिसंबर को उन्हें पंकज भदौरिया नाम के व्यक्ति का फोन आया, जिसने खुद को पीएम मुद्रा लोन विभाग से जुड़ा कर्मचारी बताया. भरोसा दिलाकर आरोपी ने व्हाट्सएप पर सारे जरूरी दस्तावेज मंगवा लिए.

### प्रोसेसिंग फीस, टैक्स, फाइल क्लियरेंस जैसे बहानों से जमा कराए रुपए

व्हाट्सएप पर सारे जरूरी दस्तावेज मंगवाने के अगले ही दिन आरोपी ने जियो पेमेंट बैंक की एक लिंक भेजी और प्रोसेसिंग फीस के नाम पर 8,800 रुपए जमा करवा लिए. इसके बाद चार्ज, टैक्स और फाइल क्लियरेंस जैसे बहानों से लगातार रुपए मांगे जाते रहे. 6 दिसंबर से 22 दिसंबर के बीच करीब 18 अलग अलग ट्रांजैक्शन कराए. ये रकम लोकेन्द्र और उनकी पत्नी के खातों समेत अन्य खातों से ट्रांसफर करवाई गई. कुल मिलाकर ठगों ने 5 लाख 18 हजार रुपए से ज्यादा की राशि हड़प ली. जब पीड़ित ने इस पूरे मामले की जानकारी रिश्तेदारों को दी, तब ठगी का शक गहराया. इसके बाद साइबर सेल और पुलिस को शिकायत दी गई.

### की जा रही कॉल डिटेल, बैंक खातों और पूरे नेटवर्क की जांच

साइबर सेल में जांच के बाद एडिशनल एसपी के निर्देश पर लसूड़िया थाने में कॉल करने वाले आरोपी और बैंक खाते के धारक के खिलाफ केस दर्ज किया है. पुलिस का कहना है कि कॉल डिटेल, बैंक खातों और पूरे नेटवर्क की जांच की जा रही है. शुरुआती जांच में यह किसी संगठित साइबर ठगी गिरोह का मामला लग रहा है. पुलिस ने लोगों से अपील की है कि सरकारी योजनाओं के नाम पर आने वाले कॉल और लिंक से सावधान रहें और बिना सत्यापन किसी को भी दस्तावेज या रुपए न दें.

**एक नजर में** | खाड़ी के मंदिर पर चल रहे भागवत ज्ञानयज्ञ में मनाया कृष्ण जन्मोत्सव

## कृष्ण कण-कण में व राम हमारे रोम-रोम में: पं. शास्त्री

**इन्दौर.** राम और कृष्ण इस देश में ही नहीं पूरे विश्व में जनमानस के प्राणतत्व हैं। राम मर्यादा पुरूषोतम हैं तो कृष्ण योगेश्वर लीलाधर। राम और कृष्ण भारत भूमि के पर्याय हैं। इन दोनों अवतारों के बिना भारतभूमि की कल्पना भी संभव नहीं है। राम ने जहां समाज को अंत्योदय का संदेश दिया है वहीं कृष्ण ने कंस प्रवृत्ति का नाश किया है। कृष्ण यदि कण-कण में मौजूद हैं तो राम भी हमारे रोम-रोम में व्याप्त हैं.

ये विचार हैं भागवत भूषण आचार्य पं. राजेश शास्त्री के, जो उन्होंने लोहारपट्टी स्थित श्रीजी कल्याण धाम, खाड़ी के मंदिर पर हंसदास मठ के पीठाधीश्वर श्रीमहंत स्वामी रामचरणदास महाराज एवं महामंडलेश्वर महंत पवनदास महाराज के सानिध्य में चल रहे भागवत ज्ञानयज्ञ में वामन अवतार, राम एवं श्रीकृष्ण जन्मोत्सव प्रसंगों की व्याख्या के दौरान व्यक्त किए. जैसे ही कथा प्रसंगानुसार भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव की घोषणा हुई, समूचा मंदिर परिसर भगवान के जयघोष से गूंज उठा. भक्तों ने नंद घर आनदं भयो, जय कन्हैयालाल की भजन पर नाचते गाते हुए अपनी खुशियाँ व्यक्त की. कथा शुभारंभ के पूर्व मोहन खंडेलवाल, संजय शर्मा, राजेंद्र वर्मा, कैलाश पाराशर, वेदांत शर्मा, लीलाधर शर्मा, रामकुमार शर्मा, सुजीत गजेश्वर, तनय शर्मा सहित अनेक श्रद्धालुओं ने व्यास पीठ का पूजन किया. राधा रानी महिला मंडल की ओर से श्रीमती वर्षा शर्मा, रुक्मणी शर्मा, उषा सोनी, गीता व्यास, चंदा खंडेलवाल, बबली खंडेलवाल, निर्मला सोलंकी, मधु सुगंधी, उर्मिला प्रपन्न, हंसा पंचोली, हेमलता वैष्णव, मधु गुप्ता, श्रेया शर्मा आदि ने आचार्यश्री की अगवानी की। मठ के पं. अमितदास महाराज ने बताया कि भागवत ज्ञान यज्ञ का यह क्रम 30 दिसम्बर तक प्रतिदिन दोपहर 4 से सायं 7 बजे तक जारी रहेगा।



### दुष्टों का नाश करने की मिलती प्रेरणा

भागवत भूषण आचार्य पं. शास्त्री ने कहा कि कृष्ण और राम के चरित्र आज हजारों वर्ष बाद भी वंदनीय और पूजनीय बने हुए हैं, क्योंकि समाज के गौरव और अस्मिता को बढ़ाने तथा दुष्टों का नाश कर भक्तों की रक्षा करने की प्रेरणा और ऊर्जा इन्ही के नाम से मिलती है. भगवान कृष्ण ने समाज की राक्षसी प्रवृत्तियों के नाश के लिए ही अवतार लिया.